आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :431 पृष्ठ -4 दिनांक 22 मार्च 2025 दिन शनिवार

# केदारनाथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर, पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम जारी

## लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि चटक धूप में ऊपरी हिस्सों से बर्फ खिसकने का खतरा

उत्तरप्रदेश : आगामी 2 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. लोक निर्माण विभाग (लो. निवि) द्वारा गौरीकुंड-केदारनाथ 16 किमी पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है. बीते 14 मार्च से लोनिवि के 70 मजदूर बेलचा-फावड़े के साथ रास्ता साफ करने में जुटे हुए हैं. अधिकारियों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक पैदल मार्ग पूरी तरह खुल जाएगागा. "रीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक से पांच फीट तक बर्फ जमी हुई है. रामबाड़ा से लिनचोली के बीच विशालकाय हिमखंड पसरे हुए हैं, जिससे रास्ता बाधित है. इस क्षेत्र में टीएफटी चट्टी, हथनी गदेरा, कुबेर गदेरा, भैरव गदेरा और रुद्रा प्वाइंट के पास भारी बर्फ जमी है, जिसे हटाने में मजदूर दिन-रात जुटे हुए हैं. अब तक दो



किमी से अधिक मार्ग को बर्फमुक्त कर दिया गया है.लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि चटक धूप में ऊपरी हिस्सों से बर्फ खिसकने का खतरा बना हुआ है. ऐसे में मजदूरों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं. हिमखंडों को काटकर चार फीट चौड़ा रास्ता बनाया जा रहा है, ताकि यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार किया जा सके. रामबाड़ा से लिनचोली तक बर्फ हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन छोटी लिनचोली से केदारनाथ के बीच बर्फ की मोटी परत के चलते दिक्कतें आ रही हैं. इस क्षेत्र में मजदूरों को अधिक मशक्कत करनी पड़ रही है. विभाग का कहना है कि यदि मौसम ने साथ दिया तो अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक मार्ग खोल दिया जाएगा.यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं. प्रशासन का कहना है कि बर्फ हटाने का कार्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के बाबा केदार के दर्शन कर सकें.केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे. यात्रा मार्ग को सुचारु करने के लिए श्रमिक दिन-रात काम में जुटे हैं. विभाग का दावा है कि यात्रा से पहले मार्ग पूरी तरह तैयार हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा.

## मुरादाबाद कानपुर सेंट्रल-कानपुर ब्रिज स्टेशन पर ब्रिज नंबर 110 के सुधार के लिए रेलवे ने 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया

मुरादाबाद : कानपुर सेंट्रल-कानपुर ब्रिज स्टेशन पर ब्रिज नंबर 110 के सुधार के लिए रेलवे ने 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया है। जिसके चलते गुरुवार से मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस और चार पैसेंजर ट्रेनों का संच. ालन 30 अप्रैल तक नहीं होगा। कानपुर-काठगोदाम गरीब रथ भी शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी। चार अन्य ट्रेनों को भी बदले मार्ग से चलाया जाएगा।कानपुर में ब्रिज के निर्माण और सुधार का काम होगा। इसके चलते रेलवे ने मेगा ब्लॉक लिया है। ब्लॉक के चलते गुरुवार से राज्यरानी एक्सप्रेस व चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन थमा रहेगा। रेलवे के अनुसार ब्लॉक के चलते राज्यरानी एक्सप्रेस (22453-54) मेरठ से 20 मार्च से संचालन रोक दिया है। इसके अलावा कानपुर-बालामऊ (54335-36) व सीतपुर सिटी-कानपुर (54325-26) पैसेंजर ट्रेनें भी 20 मार्च से 30 अप्रैल तक नहीं चलेंगी। इसके अलावा मेगा ब्लॉक से कानपुर रूट की ट्रेनों को मुरादाबाद होकर चलाया जाएगा। इससे मुरादाबाद रूट पर रेल संचालन पर दबाव रहेगा। इस संबंध में सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेगा ब्लॉक से एक एक्सप्रेस और चार पैसेंजर ट्रेनों के अलावा कानपुर-काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस-12209-10 ट्रेन लखनऊ जंक्शन से संचालित होंगी। इसके अलावा कानपुर-अमृतसर और जम्मूतवी-कानपुर सुपर फास्ट ट्रेनों को बदले मार्ग कानपुर-इटावा, दिल्ली से अंबाला होकर चलाया जाएगा।

# बहराइच मानवता में हुई शर्मसार मां ने नवजात बच्ची को झील में फेंका, इलाके में सनसनी

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आज मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जरवल थानाक्षेत्र के अंतर्गत कटी झील में एक कलयुगी मां ने अपनी नवजात बच्ची को फेंक दिया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना जरवल पुलिस चौकी क्षेत्र में लखनऊ-बहराइच हाइवे स्थित कटी झील के पुल के नीचे हुई। राहगीरों ने पानी में तैरते हुए नवजात के शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जरवल चौकी इंच. ार्ज देवेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संतोष प्रसाद, कांस्टेबल महेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल अनुराधा सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात के शव को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड रमेश रावत ने बताया कि नवजात बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग कलयुगी मां की इस क्रूर हरकत की निंदा कर रहे हैं।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के लिए गुरुवार को जिलाध्यक्षों की सूची जारी

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को यूपी में जिला और शहर अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है. पार्टी ने नेहरू गांधी परिवार के पैतृक जिले प्रयागराज में तीन अध्यक्ष बनाए हैं. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी बहन सांसद प्रियंका वाड्रा के पूर्वजों की नगरी प्रयागराज में पार्टी ने महानगर के अलावा गंगापार और यमुनापार के लिए अलग-अलग जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं. गुरुवार रात जारी हुई सूची में प्रयागराज महानगर कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी पार्टी के पुराने नेता फुजैल हाशमी को सौंपी गई है. उन्हें प्रदीप मिश्र अंशुमन की जगह अध्यक्ष बनाया गया है. फुजैल हाशमी को राज्यसभा में विपक्ष के डेप्युटी लीडर प्रमोद तिवारी का करीबी माना जाता है.गंगापार में अशफाक अहमद जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं. अशफाक अहमद का नाम चौंकाने वाला है. चार महीने पहले तक गंगापार के अध्यक्ष रहे सुरेश यादव को फूलपुर उपचुनाव में बागी होकर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के बाद पहले पद से हटाया गया था, फिर पार्टी से ही निकाल दिया गया था. ।प्ब्ब सदस्य अशफाक अहमद पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह के खेमे के हैं. पार्टी ने इसके साथ ही यमुनापार में अशोक पटेल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है. अशोक पटेल इलाहाबाद सीट से पार्टी के सांसद उज्जवल रमण सिंह के बेहद नजदीकी माने जाते हैं. उज्जवल रमण ने सियासी समीकरण साधने के नजरिए से अशोक पटेल को अध्यक्ष बनवाया है. अशोक पटेल को अरुण तिवारी की जगह अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. कांग्रेस पार्टी ने इस तरह राहुल और प्रियंका के पूर्वजों की नगरी में तीन में से दो अध्यक्ष मुस्लिम समुदाय से दिए हैं, जबकि एक अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से बनाया है. पार्टी ने सवर्ण वर्ग से एक भी अध्यक्ष नहीं बनाया है, जबकि वर्तमान कमेटी में तीन में से दो अध्यक्ष ब्राह्मण समुदाय के थे. मुस्लिम समुदाय से एक भी अध्यक्ष नहीं था. महाकुंभ की नगरी में तीन में से दो अध्यक्ष मुस्लिम समुदाय से घोषित कर कांग्रेस पार्टी ने अपना सियासी संदेश जारी कर दिया है.पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जिला और महानगर अध्यक्षों की सूची जारी की है. सूची में एक खास बात यह भी है कि पार्टी ने प्रयागराज की जगह उसका पुराना नाम इलाहाबाद ही लिखा है. यूपी की योगी सरकार ने साल 2018 में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज कर दिया था. केंद्र सरकार भी इलाहाबाद रेलवे स्टेशन को प्रयागराज घोषित कर चुकी है. ऐसे में कांग्रेस पार्टी द्वारा अपनी सूची में सभी जगहों पर प्रयागराज की जगह इलाहाबाद लिखा जाना कई सवाल खड़े करता है. कहा जा सकता है कि प्रयागराज में तीन में से दो अध्यक्ष मुस्लिम समुदाय का होना, ब्राह्मण वर्ग को पूरी तरह नजरअंदाज करना और प्रयागराज की जगह लिस्ट में इलाहाबाद लिखना आने वाले दिनों में विवाद का सबब बन सकता है. राहुल गांधी और उनके परिवार का कोई भी सदस्य महाकुंभ में संगम स्नान के लिए नहीं आया था.

## पूरनपुर ट्रांसफार्मर का फ्यूज सही करने के लिए बिजली घर सीढ़ी लेने जा रहे ला. इनमैन से दरोगा ने मारपीट कर दी

पूरनपुर ट्रांसफार्मर का फ्यूज सही करने के लिए बिजली घर सीढ़ी लेने जा रहे ला. इनमैन से दरोगा ने मारपीट कर दी। घटना से गुस्साए बिजली कर्मियों ने कोतवाली की बिजली आपूर्ति बंद कर दी और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एसडीएम की मध्यस्थता के बाद विवाद सुलझ सका। इसके बाद कोतवाली की आपूर्ति शुरू कराई गई।क. ोतवाली रोड पर नई तहसील के बाहर रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर का बुधवार देर रात फ्यूज उड़ गया। संविदा लाइनमैन माशूक अली फ्यूज की मरम्मत करने के लिए बिजली घर सीढ़ी लेने जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान नगरपालिका चौराहे पर एक दरोगा ने लाइनमैन को रोककर मारपीट की। इससे बिजली कर्मियों में



नाराजगी पनप गई। गुरुवार को उन्होंने कोतवाली की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। आक्रोशित कर्मियों ने बिजली घर में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। जानकारी लगते ही कोतवाल नरेश त्यागी डिवीजन कार्यालय पहुंचे और एसडीओ मोहित गुप्ता से वार्ता की। इसके बाद भी हल नहीं निकला। कर्मचारी दरोगा के माफी मांगने की जिद पर अड़े रहे। मामला एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के संज्ञान में पहुंचा। उन्होंने एक्सईएन प्रशांत गुप्ता, एसडीओ मोहित गुप्ता के अलावा कोतवाल नरेश त्यागी और जिस दरोगा ने मारपीट की उसे अपने कार्यालय में बुलाया। एसडीएम की मध्यस्थता के चलते घटना की पुनरावृत्ति न होने की बात पर मामला निपट गया। इसके बाद बिजली कर्मियों ने कोतवाली की सप्लाई चालू कर दी। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में गलत फहमी हो गई थी। बैठकर उसे दूर कर दिया गया है। किसी तरह का अब कोई विवाद नहीं है।पुलिस की ओर से घटना पर खेद प्रकट किया गया है। इसके बाद विवाद खत्म हो गया। कोतवाली की सप्लाई चालू कर दी गई है। अब कोतवाली में मीटर से ही बिजली आपूर्ति दी जाएगी। बिना मीटर के चल रहे कने. क्शन की आपूर्ति बंद करा दी गई है

# यूपी में इन लोगों के परिवार वालों को कभी नहीं मिलेगी . सरकारी नौकरी? सीएम योगी का बड़ा ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंडल में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान बड़ा बयान दिया. करप्शन को लेकर सीएम ने जो बयान दिया है वह भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए किसी सदमे से कम साबित नहीं होगा.भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार करते हुए सीएम ने कहा कि जो भी करप्शन करता पाया जाएगा उसके परिवार की वह आखिरी नौकरी होगी. युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कहीं कोई बेईमानी करता है तो आप उसकी शिकायत मुझसे करिए. पहले ही कहा है कि अपराध और अपराधियों, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम करेगी. सीएम ने कहा कि अगर कोई कहता है कि लोन दिलाने के नाम पर हमको पैसा दीजिए, हम लोन दिलाएंगे तो इस पर भरोसा मत करिए. राज्य सरकार के पोर्टल पर जाइए, वहां उसकी शिकायत करिए. अगर कोई आपसे अनावश्यक रूप से धनराशि की मांग करता है तो हम उसकी जांच करा के जवाबदेही तय करेंगे. मुख्यमंत्री ने सख्त लहजा अख्तियार करते हुए कहा- याद रखना जो गलत तरीके से आपसे पैसे की डिमांड करेगा तो मुझे लगता है कि वह उस परिवार की आखिरी सरकारी सर्विस होगी. फिर कभी कोई सरकारी सेवा में आने वाला नहीं है. फिर उसके बाद कभी उसको अवसर नहीं मिलने वाला. इतनी बड़ी कारवाई कर देंगे कि वह एक नजीर बनेगी. इससे पहले सीएम ने कहा कि साल 2017 के पहले जब मैंने उत्तर प्रदेश में पदभार संभाला था और उत्तर प्रदेश पुलिस बल में मैंने पूछा था कि कितनी महिलाएं कार्य कर रही है कुल संख्या थी मात्र 10000. हम लोगों ने तय किया अब जो भी भर्ती होगी उस भर्ती में कम से कम 20 फीसद हम बालिकाओं को भरेंगे. हाल ही जो पुलिस भर्ती की परीक्षा संपन्न हुई है उसमें बालिकाओं की भर्ती बड़ी संख्या में हुई है.

# पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस ने 2027 के लिए इनको सौंपी कमान, फिर भी सफर नहीं आसान

उत्तर प्रदेश 2027 विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न दल अपने-अपने संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं. इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी की तरफ से उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपद में महानगर अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है. वहीं वाराणसी में एक बार पुनः राघवेंद्र चौबे को महानगर अध्यक्ष और राजेश्वर सिंह पटेल को जिला अध्यक्ष बनाया गया है. पदभार मिलने के बाद इन दोनों कार्यकर्ताओं ने 2027 को लेकर भी स्पष्ट किया है कि जनहित के मुद्दों को जनता के समक्ष रखते हुए इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बड़ी जीत दिलाएंगे.2027 की डगर आसान नहीं!कांग्रेस पार्टी की तरफ से उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपद के जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया गया. एक बार पुनः वाराणसी के महानगर अध्यक्ष पद पर राघवेंद्र चौबे और जिला अध्यक्ष पर राजेश्वर सिंह पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है. राघवेंद्र चौबे से एबीपी न्यूज ने बा. तचीत की. इस दौरान उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि - हमारा लक्ष्य 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव है जहाँ हम संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनता से जुड़े हुए मुद्दों को निरंतर रखते रहेंगे और आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बड़ी जीत दिलाएंगे. हालांकि कांग्रेस पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश के लिए 2027 का सफर आसान नहीं होगा. विशेष तौर पर वाराणसी में बीते 4 लोकसभा और 2 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सुपड़ा पूरी तरह साफ रहा हैं.कांग्रेस - सपा के साथ रहने पर अटकलों का दौर तेजसमाजवादी पार्टी व कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने भले ही 2027 चुनाव में गठबंधन को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया हो लेकिन समय-समय पर सपा और कांग्रेस नेताओं ने इस विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं जरूर दी है. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी 2027 में एक साथ चुनावी मैदान में होती है या अलग-अलग. कांग्रेस पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को अगले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी

# मां पूर्णागिरि धाम मेला शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं की आवाजाही दिनोंदिन बढ़ रही

पीलीभीत रू मां पूर्णागिरि धाम मेला शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं की आवाजाही दिनोंदिन बढ़ रही है। मैया के दर्शन को जाने का सिलसिला तेज हो चुका है। अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पूर्णागिरि रवाना हो रहे हैं, जोकि पीलीभीत होकर जाते हैं। ऐसे में रेलवे और रोडवेज की ओर से किए इंतजाम भीड़ के आगे कम पड़ रहे हैं। आलम यह है कि सवारियों के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ रहा है। अगर सवारी आ भी रही है, तो वह पहले से फुल मिल रही है। जिस वजह से डग्गामार वाहनों का भी सहारा लेना पड़ रहा है।बता दें कि चंपावत उत्तराखंड स्थित मां पूर्णागिरि धाम का मेला 15 मार्च से शुरू हो चुका है। इसमें अधिकांश श्रद्धालु ट्रेनों और सड़क मार्ग से पीलीभीत होकर ही पूर्णागिरि धाम जाते हैं। इधर पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। गुरुवार को भी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई। टनकपुर रूट पर जाने वाली ट्रेनों में सीट को लेकर खासी मारामारी रही।बता दें कि पूर्णागिरि मेले में जाने वाले यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसको लेकर रेलवे प्रशासन की ओर से मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा चुकी है। मगर भीड़ भी और बढ़ती जा रही है। ट्रेनों में कई श्रद्धालुओं को खड़े होकर सफर तय करना पड़ रहा है। रोडवेज के इंतजाम भी कम पड़ते दिख रहे हैं। शहर के नौगवां चौराहा से लेकर छतरी चौराहा तक श्रद्धालु वाहनों को इंतजार करते देखे जा रहे हैं।सबसे अधिक दिक्कत श्रद्धालुओं को रात्रि में हो रही है। बसों भी सब फुल चल रही है। ऐसे में श्रद्धालु वाहन बदल बदलकर अपनी मंजिल तक पहुंच रहे हैं। कई निजी गाड़ी को बुक कर अपने गतंव्य को रवाना हो रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देख रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने सुरक्षा की कमान संभाल रखी है। जवान एनाउंसमेंट करते हुए व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं। ट्रेन आने के दौरान एनाउंसमेंट करते हुए श्रद्धालुओं को सतर्क किया जा रहा है।

# हाथरस सदर कोतवाली क्षेत्र के नाई का नगला में स्थित शिव मंदिर में चोरी की वारदात

हाथरस सदर कोतवाली क्षेत्र के नाई का नगला में स्थित शिव मंदिर में चोरी की वारदात हुई है। बदमाशों ने रात के समय मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की। बदमाशों ने मंदिर में घुसकर दान पेटी को तोड़ा और उसमें रखी हजारों रुपए की नकदी चुरा ली।इतना ही नहीं, उन्होंने मंदिर की कई अलमारियां भी तोड़ीं। चोर मंदिर से माइक और अन्य कीमती सामान भी ले गए। सुबह जब लोगों ने मंदिर का टूटा ताला देखा तो वहां भीड़ जमा हो



गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।घटना को लेकर भक्तों में रोष.. स्थानीय निवासियों के अनुसार इससे पहले भी इसी मंदिर में चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष है और वे मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## हाथरस में भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त किया

हाथरस। थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के अलीपुर बबूल गाँव और मिरगामई में असामाजिक तत्वों ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया। जिसपर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। प्रशासन ने तत्काल मौके पर नई मूर्तियां पहुंचवाई। बता दें कि बीती रात असामाजिक तत्वों के द्वारा अलीपुर और मिरगामई में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा करने लगे। सूचना पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों को मुश्किल से समझा बुझाकर शांत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया वहीं प्रशासन द्वारा तत्काल दोनों स्थानों पर नई मूर्तियां मंगवाकर लगवाई गई जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ है।

## हाथरस के सादाबाद तहसील में एक मंदिर पर मधुमक्खियों के हमले से अफरा–तफरी मच गई

हाथरस के सादाबाद तहसील में एक मंदिर पर मधुमक्खियों के हमले से अफरा–तफरी मच गई। गांव बागपुर राजवाहे स्थित संकट मोचन मंदिर में रामायण सुन रहे श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया।हमले में मंदिर के पुजारी अजय पाल सिंह (अजूया) और उनके सहायक रविंद्र यादव (फगुनी) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।मधुमक्खियों ने पास के एसआरजी विद्यालय पर भी हमला किया। करीब 15–20 छात्र–छात्राएं घायल हुए। स्कूल प्रशासन को तत्काल स्कूल बंद करना पड़ा।आसपास के गांवों में भी मधुमक्खियों ने लोगों को काटा। बा. गपुर में 8, थरौरा में 8 और करकौली में 2 लोग घायल हुए।रास्ते से गुजर रहे कई बाइक सवार भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हुए। वे गिरकर घायल हो गए। कुल मिलाकर करीब 30 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की स्थिति स्थिर है।डॉक्टर ए.के. वार्ष्णेय के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को एक साथ कई मधुमक्खियां काटें तो गला चौक होने, खुजली और चकत्ते पड़ने की समस्या हो सकती है। ज्यादा संख्या में काटने से जान का खतरा भी हो सकता है।फिलहाल मंदिर और आसपास का रास्ता बंद कर दिया गया है। मधुमक्खियों के अचानक हमले का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बरवाना निवासी 30 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। वह गांव नगला मान में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत था।घटना के दिन विशाल अपनी ड्यूटी पर गया था। वहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महौं ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही विशाल ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा. . पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल सकेगा। वैसे परिवार के लोगों का कहना है कि विशाल की दवा भी चल रही थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। विशाल की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## श्री खाटू श्याम जी सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन

अलीगढ़। श्री खाटूश्याम जी सेवा समिति रजि० अलीगढ़ वर्ष 2010 से निरन्तर बाबा खाटू श्याम की महिमा को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निरन्तर भजन संध्याधनिशान यात्रा का भव्य आयोजन करती चली आ रही है। जिससे अलीगढ़ शहर में अब जगह–जगह खाटूश्याम जी के कीर्तन व जगह–जगह मन्दिरों में बाबा के शीश विराजमान हो गये हैं। इसी श्रृंखला में 23 मार्च को भव्य निशान यात्रा व 24 मार्च को श्याम वंदना कार्यक्रम श्री खाटू श्याम सेवा समिति (रजि०) से किया जा रहा है।श्री खाटू श्याम जी सेवा समिति (रजि०) अलीगढ़ परिवार द्वारा आज कलश फार्म, ताला नगरी में पत्रकारों के सम्मान का एक कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर शहर के पत्रकारों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया एवं पत्रकारों द्वारा समाज को दी जाने वाली सेवाओं की सराहना की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विशाल गर्ग बी०डी० के० ने कहा समाज में भिन्न–भिन्न क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों का जब सम्मान समारोह होता है तब भी पत्रकार बन्धु ही समाज में जन–जन तक सम्मान का संदेश पहुंचाने का कार्य करते है, किन्तु पत्रकारिता सेवा को सम्मानित करने के बारे में लोग नहीं सोचते है। विशाल गर्ग ने कहा कि मैं समाज में कार्यरत संस्थाओं से अपील करता हूँ कि समय–समय पर जगह–जगह पत्रकार बन्धुओं का सम्मान समारोह भी जरूर आयोजित होना चाहिये जो दिन रात एक करते हुए गर्मी, सर्दी, बरसात आपदा में घर नहीं बैठते और हम लोगों तक पल पल की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। ऐसी सेवाओं के हृदय कुंज से नमन करते हुए बाबा श्याम से प्रार्थना है कि बाबा उन्हे दिन प्रतिदिन ऊंचाईयाँ मुहैया करायें।

## उत्तर प्रदेश के गाजीपुर और अलीगढ़ में आज 3 लोगों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी

उत्तर प्रदेश  के गाजीपुर और अलीगढ़ में आज 3 लोगों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. जानकारी के अनुसार गाजीपुर में दो और अलीगढ़ में एक युवक को बदमाशों ने दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया. आइए बताते हैं पूरा मामला.पहला मामला गाजीपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के उचौरी मलहिया बागीचे हुआ, जहां शुक्रवार सुबह 2 बाइक पर आए 4 हमलावरों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना को अंजाम देकर वह मौके से फरार हो गए. जानकारी के मुताबिक चिलौनाकला रामपुर निवासी 20 साल के अमन चौहान और इसी उम्र के अनुराग सिंह उचौरी मलहिया बागीचे में थे. बाइक सवार 4 बदमाश वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. आपको बता दें कि गाजीपुर ही नहीं अलीगढ़ के थाना बरला क्षेत्र के गन्यावली रोड़ पर 26 वर्षीय युवक की भी दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. लोगों के मौके पर पहुंचने से पहले बदमाश मौके से फरार हो गए. सूचना पाकर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे. बता दें कि 3 गोलियां लगने के चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, मृतक के परिजनों ने पुरानी रंजिश को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है.

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी धारू गांव का रहने वाला अजय सिंह पुत्र अजीत सिंह नोएडा की एक फैक्ट्री में काम करता था।घटना शुक्रवार सुबह की है, जब अजय अपने घर से नोएडा जाने के लिए निकला था। गांव हा. जीपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल अजय को तुरंत हाथरस जंक्शन ले जाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।शव पा. `स्टमार्टम को भेजा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी उसके परिवार के लोगों को दी। अजय के परिजन भी वहां आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अजय की शादी नहीं हुई थी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## टैंकर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग हाथरस में पूर्व विधायक के भाई के गोदाम में हादसा एक युवक झुलसा एक घंटे में पाया आग पर काबू

हाथरस के चांदपा कोतवाली क्षेत्र मैं एक गंभीर हादसा सामने आया है यहां इंडस्ट्रियल ऑयल के टैंकर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई यहां टैंकर सपा के पूर्व विधायक देवेंद्र अग्रवाल के भाई राजकुमार अग्रवाल के गोदाम में खड़ा था आग लगने से गोदाम में अफरा तफरी मच गई एक युवक ने आग बुझाने का प्रयास किया और इस दौरान वह खुद झुलस गया घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से कई दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची बव सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण भी घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गोदाम कपूर गांव के पास स्थित है यहां इंडस्ट्रियल ऑयल के टैंकर खड़े रहते हैं इस ऑयल की सप्लाई बाद में विभिन्न फैक्ट्री में की जाती है आग की लपटे देखकर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए अधिकारियों के अनुसार आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा ।

## हाथरस में कलेक्ट्रेट में एक बैठक आयोजित की गई

हाथरस में कलेक्ट्रेट में एक बैठक आयोजित की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसंत अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति पर विशेष जोर दिया गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति अनिवार्य है। एजेंट को उसी क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए, जहां उसे नियुक्त किया जा रहा है।बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका मतदाता सूची को सटीक बनाने में अहम होगी। वे विशेष अभियान के दौरान मृत और स्थान परिवर्तित मतदाताओं की पहचान करेंगे। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। एक दिन में एक एजेंट अधिकतम 10 फॉर्म (6, 7, 8) ही जमा कर सकेगा। बैठक में बीजेपी के प्रशासनिक कार्य प्रमुख सुनील कुमार वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिखरवार, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राना और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और राजनेता मौजूद रहे।

## हाथरस के सादाबाद तहसील के गांव कोंकना कलां में एक व्यक्ति की जान बाल–बाल बच गई

हाथरस के सादाबाद तहसील के गांव कोंकना कलां में एक व्यक्ति की जान बाल–बाल बच गई। देर रात खेत से लौट रहे राजेश को कुछ शराबी युवकों ने रोक लिया। उन्होंने राजेश के साथ मारपीट शुरू कर दी।मदद के लिए आए राजेश के भतीजे के साथ भी युवकों ने मारपीट की। जान बचाने के लिए राजेश खेतों की तरफ भागा। आरोप है कि एक युवक ने धक्का दे दिया, जिससे वह 30 फीट गहरे सूखे कुएं में गिर गया।पूरी रात परिजन राजेश को खोजते रहे। सुबह एक महिला ने कुएं से कराहने की आवाज सुनी। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। राजेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर हालत के चलते उसे हाथरस जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पीड़ित ने कोतवाली में मारपीट करने वालों के खिलाफ शिकायत की है। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने ग्राम जिरौली हीरासिंह में आरआरसी केंद्र का किया निरीक्षण

अलीगढ़  जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने शुक्रवार को जिरौली हीरा सिंह पहुंच कूड़ा से कंचन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र पर कार्मिकों द्वारा संग्रहित कूड़े का पृथक्करण होते पाया गया। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार उर्फ मनोज कुमार ने बताया कि आरआरसी सेंटर पर संग्रहित प्लास्टिक वेस्ट एवं पॉलीथिन को लोधा स्थित रिसाइकिल सेंटर पर भेजा जाता है। डीएम ने डीपीआरओ को निद. `शित किया कि जिले भर में संचालित आरआरसी सेंटर को सक्रिय रखते हुए उनका सदुपयोग किया जाए।स्वच्छता के बारे में वस्तुस्थिति की जानकारी करते हुए डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क के बारे में जानकारी की। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने कूड़ा संग्रहण एप के संच. ालन की प्रक्रिया के बारे जानकारी देते हुए बताया कि घर के दरवाजे पर लगे बारक. ोड को स्कैन करने पर यह मालूम हो जाता है कि अमुख घर से कूड़ा संग्रहित हुआ है



अथवा नहीं, फिर उसी के आधार पर स्वच. छता शुल्क भी निर्धारित हो जाता है। एप के माध्यम से स्वच्छता कर्मी की उपस्थिति का भी सत्यापन हो जाता है। डीएम ने ग्राम जिरौली हीरा सिंह की साफ–सफाई पर संतोष प्रकट करते हुए अन्य ग्रामों को भी इस मॉडल को अपनाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वर्मी कम्पोस्ट पिट में गोबर, सूखे पत्ते, फल–सब्जियों के छिलके, कृषि अवशेष एवं किचिन वेस्ट भरा पाया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि जल्द ही इसमें कैंचुए डाले जाएंगे, जो कचरे को खाकर पोषक तत्वों से भरपूर वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर देंगे। डीएम ने ग्राम के बाहर स्थित तालाब से जल संरक्षण के दृष्टिगत जलकुंभी हटाते हुए तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने के भी निर्देश दिए इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, डीपीआरओ मो0 राशिद, यूनिसेफ से प्रदीप कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में 2.47 करोड़ के नकली नोट पकड़े कर्नाटक और बदायूं के तस्कर आए थे अलीगढ़, 6.6 किलो गांजा भी हुआ बरामद

अलीगढ़ के गंगीरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को नकली नोटों की तस्करी करने वाले एक गैंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पुलिस को 2.47 करोड़ रुपए के नकली नोट भी बरामद हुए हैं। आरोपी नकली नोट लेकर अलीगढ़ आए थे।पुलिस को आरोपियों की जानकारी मिली थी, जिसके बाद क्रिमिनल इंटेलीजेंस और गंगीरी थाने की पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के तार कई राज्यों तक फैले हुए हैं और यह नकली नोट और नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं।

# कासगंज के जिला अस्पताल में शुक्रवार को सामाजिक संस्था निफा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

कासगंज के जिला अस्पताल में शुक्रवार को सामाजिक संस्था निफा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीजेपी जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, सीएमएस संजीव सक्सेना और आ. ईपीएस अधिकारी आदित्य प्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।निफा संस्था के जिला अध्यक्ष संभव जैन ने बताया कि संस्था का पूरे भारत में डेढ़ लाख यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य है। यह शिविर तीन दिन तक चलेगा। शिविर में निफा संस्था के सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया।शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। सीएमएस ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की। इस आयोजन में एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स, जैन समाज कासगंज और माहेश्वरी समाज कासगंज का भी सहयोग मिल रहा है। सभी व्यापार मंडल और सामाजिक संगठनों से शिविर में सहयोग की अपील की गई है।

## एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा

एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पुठिया गांव के पास देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी।घटना में 25 वर्षीय मयंक (पुत्र सुभाष चंद्र) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक के रिश्तेदार शिवम ने बताया कि मयंक उसका साला था। वह दवाई लेकर कुरावली से अपने गांव जिमसपुर सिकदराराऊ लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। पिलुआ थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## कासगंज जनपद के गांव गोरहा में ग्रामीण जनता को विधिक जानकारी देने के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया




कासगंज जनपद के गांव गोरहा में ग्रामीण जनता को विधिक जानकारी देने के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज विजय कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण जनता को विभिन्न विधिक जानकारियां प्रदान की गईं।अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को जनसामान्य के साथ होने वाले अपराधों की कानूनी जानकारी दी। कन्या भ्रूण हत्या पर बने कानून की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस घटना में दोनों ही पक्ष भागीदार होते हैं। इसके अतिरिक्त, पॉक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दीएक ही स्थान पर कार्य करने वाले महिला एवं पुरुषों के लिए एक समिति गठित होती है, जिसके मुख्य अधिकारी महिला होती हैं। इस समिति का कार्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना होता है। इसके साथ ही, ड्रग्स से होने वाले नुकसान एवं बाल विवाह पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र पाल सिंह वैस ने किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम को और अधिक बल देना होगा। इस अवसर पर तहस. ीलदार देवेंद्र कुमार मिश्र ने भी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

## एटा जिले की जैथरा थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार



एटा जिले की जैथरा थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मुरारी लाल उर्फ राममुरारी के रूप में हुई है। वह कसेला थाना जैथरा का निवासी है।इस मामले में पीड़िता के पिता ने दो आरोपियों के खिलाफ जैथरा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुरारी लाल तब से फरार चल रहा था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर जिले में फरार अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अलीगंज क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई।गिरफ्तारी में थाना प्रभारी शम्भू नाथ के नेतृत्व में उप निरीक्षक संदीप कुमार राणा, कांस्टेबल विपिन भाटी और कांस्टेबल मोहित कुमार की टीम शामिल रही। मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

## एटा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव रामपुर घनश्याम में एक युवक ने अपनी 5 वर्षीय पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी

एटा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव रामपुर घनश्याम में एक युवक ने अपनी 5 वर्षीय पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि पत्नी ने उसका फोन नंबर ब्लॉक कर दिया था। गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया।देव सिंह निवासी गांव भागना थाना गंजडुंडवारा जिला कासगंज ने बताया कि बहनोई जैकी ने बुधवार को 5 वर्षीय भांजी रागिनी की गला दबाकर हत्या कर दी। जैकी पहले एटा मंडी में पल्लेदारी का काम करता था, यहां काम कम मिलने की वजह से डेढ़ माह पूर्व महाराष्ट्र के नासिक में जाकर मजदूरी करने लगा। होली से दो दिन पहले बहन ने त्योहार पर सामान खरीदने के लिए पैसे मांगे, तो 12000 रुपये बहनोई ने भेजे थे। तबीयत खराब होने की वजह से बहन चारों बच्चों के साथ मायके चली आई थी। बहनोई ने घर आकर फोन किया तो बहन ने आने से मना कर दिया।इसके बाद जैकी सीधा हमारे यहां आ गया और 5 वर्षीय बेटी रागिनी को सामान दिलाने के बहाने रामपुर घनश्याम ले गया। बुधवार की रात में जैकी ने रागिनी की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जैकी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि रात में पत्नी को फोन किया, लेकिन उसने नंबर ब्लॉक कर दिया। इससे गुस्सा आ गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बालिका की मौत गला दबाकर होना सामने आया है। सीओ सिटी अमित कुमार राय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ करते हुए आगे कार्रवाई की जा रही है।

## कासगंज एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को विकास भवन में छापा मारा . डीडीओ के लिपिक को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया

कासगंज रू एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को विकास भवन में छापा मारा। डीडीओ के लिपिक को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। टीम की कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है। टीम ने भ्रष्ट लिपिक के खिलाफ सदर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।दरअसल, विकास भवन में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा था। ग्राम पंचायतों के ऑडिट के नाम पर प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक हजार रुपए मांगे जाते थे। बीआरपी विशाल पांडेय ने बताया कि उनके अधीन 29 ग्राम पंचायतें थीं। उन्होंने ऑडिट कराने के लिए डीडीओ विपिन कुमार के दफ्तर में फाइल पूरी करके जमा कर दी, लेकिन डीडीओ ने प्रत्येक ग्राम पंचायत के हिसाब से 25 रुपए की मांग की। बाद में विशाल पांडेय और विपिन कुमार के बीच 25 हजार रुपए देने की सहमति बन गई।डीडीओ ने यह रकम वरिष्ठ लिपिक प्रवीण कुमार (निवासी अलीगढ़) के पास जमा करने को कहा। विशाल पांडेय शुक्रवार को लगभग 12 बजे रकम लेकर प्रवीण कुमार को देने पहुंचे। इसी बीच एंटी करप्शन टीम ने प्रवीण कुमार को रंगे हाथों पकड़ लिया और उन्हें लेकर सदर कोतवाली पहुंच गई। एंटी करप्शन की टीम डीडीओ विपिन कुमार और लिपिक प्रवीण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी में जुटी हुई है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मऊ के सदर विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में अंतरिम जमानत दी



कासगंज मऊ के सदर विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में अंतरिम जमानत दे दी थी। शुक्रवार की सुबह उनका परवाना कासगंज जिला जेल में पहुंच गया था। दोपहर दो बजे उनकी रिहाई हो गई। उनकी रिहाई को लेकर जिला जेल कारागार पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।मऊ के विधायक अब्बास अंसारी 15 फरवरी 2023 को चित्रकूट जेल से ट्रांसफर होकर कासगंज में आए थे। चित्रकूट प्रशासन द्वारा आरोप था कि वह अपनी पत्नी से अवैध मुलाकात करते थे, इसके बाद उन्हें कासगंज जेल शिफ्ट कर दिया गया था।उन पर चित्रकूट पुलिस ने जेल में रहते हुए गैंग चलाने के आरोप में उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया था। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में अंत. रिम जमानत दे दी थी, लेकिन उनका परवाना किसी कारणवश कासगंज जिला जेल नहीं आ सका। वह कासगंज जिला जेल में 2 साल 24 दिन तक निरुद्ध रहे।रमजान का पवित्र माह चल रहा है, और मुस्लिम समुदाय का यह सबसे पवित्र माह है। अब्बास इन दिनों जेल में खुदा की इबादत कर रहे हैं। वह रोजा रखते हैं और पांचों वक्त की नमाज अदा करते हैं। रोजा इफ्तार और सहरी का इंतजाम जेल प्रशासन द्वारा किया जा रहा था।बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को जिला कासगंज कारागार की हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। वह हाई सिक्योरिटी बैरक में 2 साल 24 दिन तक निरुद्ध रहे। अब्बास शांत स्वभाव के बंदी थे, दिन भर वह अल्लाह की इबादत में मसबूल और धार्मिक किताबों को पढ़कर समय बिता रहे थे। आज रिहाई की खबर मिलते ही उन्होंने अल्लाह का शुक्रिया अदा किया। अब्बास अंसारी का शुक्रवार की सुबह परवाना आ चुका था। उनकी दोपहर दो बजे रिहाई कर दी गई। रिहाई के समय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम पर्याप्त थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को रिहा किया गया

## रेलकर्मी पर हमला कर अधमरा किया, आगरा रेफर

जलेसर। मामूली विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि एक रेलकर्मी ने कुछ लोगों के साथ मिलकर साथी रेलकर्मी पर जानलेवा हमला कर दिया। लोहे की रोड, लाठी–डंडों से इतना पीटा कि वह मरणासन्न हालत में पहुंच गया। उसे उपचार के लिए आगरा भेजा गया है। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है।रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी है। इसमें रेलकर्मी बनी सिंह और लाल सिंह अलग–अलग आवासों में परिवार संग रहते हैं। 13 मार्च को अन्य रेलकर्मी के साथ दोनों लोग रेलवे स्टेशन के पास काम कर रहे थे। काम करते समय दोनों में किसी बात को लेकर तकरार हो गई। विवाद बढ़ने पर साथी कर्मचारियों ने बीचबचाव करते हुए दोनों को उनके आवास पर भेज दिया।आरोप है कि लाल सिंह ने बनी सिंह को सबक सिखाने के लिए अपने पुत्र अमित, सुमित और मनीश के साथ हमला कर दिया। लाठी–डंडे, सरिया से पीटकर उसे लहूलुहान कर दिया। पड़ोस के लोगों के एकत्रित होने पर हमलावर भाग गए। गंभीर हालत में बनी सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उसे आगरा भेज दिया गया। बनी सिंह की पत्नी रीमा ने चारों हमलावरों पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एटा जिले के जसरथपुर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया

एटा जिले के जसरथपुर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अवधेश पुत्र सोबरन सिंह नागल मिट्ठू का निवासी है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर संगीन अपराधों में फरार आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के खिलाफ जसरथपुर कोतवाली में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज था।गिरफ्तारी में थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षक कालीचरण गौतम, आरक्षी संजीव कुमार और आरक्षी सौरभ कुमार की टीम शामिल रही।

## बदलते मौसम में टाइफाइड का खतरा बढ़ा, अस्पताल पहुंच रहे मरीज

कासगंज। मौसम में बढ़ती गर्मी एवं बाजार का खुला दूषित खानपान लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। बड़ी संख्या में युवा और बच्चे टाइफाइड की चपेट में आ रहे हैं। चार दिन में ही 15 मरीजों में टाइफाइड की पुष्टि हो चुकी है।जिले में बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। चिकित्सक ऐसे मरीजों की रक्त की जांच भी करा रहे हैं। रक्त की जांच में मरीजों में टाइफाइड की पुष्टि भी हो रही है। चिकित्सक मरीजों का इलाज करने के साथ ही आवश्यक सलाह भी दे रहे हैं।चिकित्सक डॉ. विकास भारती का कहना है बाजार के खुले खाद्य पदार्थों का सेवन व घर पर भोजन करते समय साफ–सफाई को नजर अंदाज करना बीमारी को आमंत्रण देने के समान है। टाइफाइड में शरीर का सबसे अधिक प्रभावित भाग आंत होता है।इसमें पाचन तंत्र प्रभावित हो जाता है, लेकिन समय के साथ–साथ शरीर के कई अन्य अंग भी प्रभावित होने लगते हैं। टाइफाइड के रोगियों को पेट दर्द, दस्त, कब्ज और वजन कम होने जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# प्राथमिक विद्यालय रोहिना सिंहपुर में शिक्षक–अभिभावक बैठक का हुआ आयोजन

## छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

अलीगढ़ ( जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में ब्लॉक धनीपुर के प्राथमिक विद्यालय रोहिना सिंहपुर में शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र–छात्राओं ने उत. साहपूर्वक भाग लिया। डीएम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाना है। बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणामों और सह–पाठ्यक्रमीय गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति से अवगत कराया गया और उन्हें शिक्षकों से सीधे संवाद करने का भी अवसर मिला। विद्यालय में पंजीकृत 184 के सापेक्ष 171 विद्यार्थी एवं सभी 08 शिक्षक उपस्थित पाए गए।डीएम ने कहा कि जब माता–पिता अपने बच्चे को विद्यालय भेजते हैं तो चाहते हैं कि बच्चा कुछ सीखकर आए। विद्यालयों के भवन, इमारत और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के उपरान्त वर्तमान में निपुण परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की क्षमताओं का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में माता–पिता की अहम भूमिका होती है। विद्यालय के साथ ही अभिभावक भी बच्चों के पठन–पाठन पर विशेष ध्यान दें, घर पर बच्चों से सवाल–जवाब कर उनकी



कमियों को पहचानकर उनको दूर करने का प्रयास करें। अभिभावकों के साथ बैठक को जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के समग्र विकास में मील का पत्थर बताते हुए अभिभावकों से आव्हान किया कि शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, बच्चों को विद्यालय गणवेश में ही भेजें और साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों से आव्हान किया कि मिलकर विद्यालय और घर में बच्चों को ऐसा माहौल देने का प्रयास करें ताकि उनकी नींव मजबूत हो सके।बैठक के दौरान कक्षा 01 की छात्रा जाह्नवी ने एक पूरा अध्याय पढ़कर सुनाया। इसी प्रकार एक अन्य छात्र प्रशांत ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से अंकीय गणनाओं को पढ़कर समझाया व सुनाया। कक्षा 03 की छात्रा मोनिका ने अपनी अभ्यास पुस्तिका से कहानी पढ़कर सुनाई जिस पर सभी उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों के ज्ञान एवं कौशल की मुक्तकंठ से सराहना की। अभिभावकों ने इस बैठक को बेहद उपयोगी बताते हुए विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद से न केवल छात्रों को लाभ मिलता है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी मदद मिलती है। इस दौरान जिलाधिकारी ने 10 उत्कृष्ठ छात्र–छात्राओं– अंशिका, भानुप्रताप, आशा, दामिनी, सरिता, प्रशांत, इशहाक, आदित्य, वंश एवं पलक को पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान विद्यालय पुस. तकालय एवं परिसर में ही संचालित आंग. नबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ग्रामवासियों की जल व विद्युत आपूर्ति एवं अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, बीडीओ पवन यादव, लेखाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार, एडी फिशरीज प्रियंका आर्या, एबीएसए, निपुण टीम से सत्यम, शान्तनु, फैजान, प्रधानाध्यापक राजकुमार समेत अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ स्मार्ट सिटी को 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ सोशल–इकोनॉमिक इम्पैक्ट अवॉर्ड




नई दिल्ली में आयोजित 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो 2025 में अलीगढ़ स्मार्ट सिटी को सर्वश्रेष्ठ सामाजिक–आर्थिक प्रभाव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया है।यह सम्मान अलीगढ़ के कल्याण सिंह हबीटेट सेंटर की असाधारण उपलब्धि के लिए दिया गया है, जो शहर में राजस्व सृजन और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने का प्रमुख केंद्र बन चुका है। इस परियोजना ने अलीगढ़ में एक नए कॉर्पोरेट संस्कृति की नींव रखी है, जिससे व्यापार, स्टार्टअप्स और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। एक समय पर कॉर्पोरेट माहौल से दूर माने जाने वाले अलीगढ़ में, यह केंद्र स्मार्ट और सतत विकास का प्रतीक बन चुका है।इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ एवं नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार (आईएएस) और उनकी टीम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर ओमैयर इफ्तिखार (पीआरओ), रामबाबू (डीजीएम फाइनेंस), मोनिषा गुप्ता (सीएस), शिव कुमार (आईटी मैनेजर) और भारत गुप्ता (सहायक प्रबंधक) उपस्थित रहे।इस उपलब्धि पर अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ श्री विनोद कुमार ने कहा, "यह पुरस्कार हमारे शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कल्याण सिंह हबीटेट सेंटर न केवल अलीगढ़ के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है, बल्कि शहर में एक आधुनिक और आत्मनिर्भर कारोबारी वातावरण भी तैयार कर रहा है।इस सम्मान के साथ अलीगढ़ स्मार्ट सिटी ने स्मार्ट शहरी विकास के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, नवाचार और सतत विकास के सही समावेश से शहरों में समृद्धि लाई जा सकती है।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय अलहदादपुर का किया स्थलीय निरीक्षण

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा शुक्रवार को ब्लॉक धनीपुर के ग्राम अलहदादपुर में नवोदय विद्यालय के पैटर्न पर निर्माणाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया गया।कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह ने अवगत कराया कि 2475.65 लाख रूपये की धनराशि से विद्यालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय में मुख्य भवन के साथ ही 02 डोरमैट्री ब्लॉक (तीन मंजिल), किचिन एवं डायनिंग ब्लॉक, 01 प्रिंसिंपल आवास, 08 टाइप–3 आवास, 06–06 टाइप–02 एवं टाइप–01 आवास, 578 वर्गमीटर चाहरदीवारी, पंप हाउस सहित 100 किलोलीटर क्षमता का ओव. रहैड टैंक, गार्ड रूम एवं जैनरेटर रूम का निर्माण अगस्त 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धन. राशि के सापेक्ष चार किश्तों में 2351.88 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है जिसके सापेक्ष 1609.96 लाख रूपये की धनराशि का व्यय कर 68 प्रतिशत वित्तीय प्रगति अर्जित की गई। उन्होंने बताया कि मुख्य भवन में मल्टीपरपज हॉल को छोड़कर भूतल, प्रथम तल की चिनाई व प्लास्टर कार्य पूर्ण है जबकि फर्श व पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। डोरमैट्री ए में चिनाई प्लास्टर कार्य पूर्ण और फर्श व पेंं. टंग का कार्य प्रगति पर है। डोरमैट्री बी में भूतल, प्रथम तल चिनाई छत ढ़लाई का कार्य पूर्ण आन्तरिक प्लास्टर कार्य प्रगति पर है। डायनिंग किचिन में ब्रिक वर्क एवं प्लिंथ लेबिल तक पूर्ण है। टाइप–2 आवास में भूतल पर छत ढ़लाई का कार्य पूर्ण जबकि प्रथम तल पर चिनाई का कार्य प्रगति पर है।जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को



निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अवशेष अवधि में निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए बार चार्ट बनाकर उसके अनुरूप कार्यों को पूर्ण किया जाए। सहायक अभियंता ने अवगत कराया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय–समय पर एएमयू से जांच कराई जाती है। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल को निर्देशित किया पाक्षिक निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराएं।निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडी सूचना संदीप कुमार समेत कार्यदायी संस्था के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण एवं ठेकेदार प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा विभाग में सामने आया करोड़ों रुपए का बड़ा घोटाला

अलीगढ़।जनपद अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा विभाग में एक बड़ा घोटाला सामने आया है।आपको बता दें कि यहां पर पिछले दस वर्षों से जीपीएफ घोटाला चल रहा था और इसमें एक दर्जन बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत 61 अधिकारी और कर्मचारी संलिप्त रहे जिन्होंने मिलकर इस घोटाले को किया।खास बात ये है कि शासन की जांच में इस खेल का पर्दाफाश हुआ है और वर्तमान में तत्कालीन कई बीएसए यूपी के कई जिलों में बड़े पद पर तैनात हैं।वहीं इस घोटाले का खुलासा होने पर बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और अब तक इस मामले में दो बाबू बर्खास्त भी हो चुके हैं साथ ही तत्कालीन बीएसए ने 12 बीएसए सहित तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। सूत्रों की मानें तो लगभग 520 शिक्षकों के जीपीएफ खातों से 5 करोड़ की हेराफेरी की गई है और इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बताया जाता है कि 2003 से 2013 तक 30 बीईओ अलीगढ़ में तैनात रहे हैं और ये घोटाला 2020 में तब सामने आया जब टप्पल के शिक्षक जगदीश प्रसाद के खाते में 35 बार में 34 लाख रुपए भेजे गए जबकि इसकी जांच में अधिकारियों और पटल लिपिकों की भूमिका संलिप्त पाई गई।आपको बता दें कि इस घोटाले के दौरान अलीगढ़ में बीएसए के रूप में दिनेश सिंह,पुष्पा सिंह,मोहम्मद अल्ताफ अंसारी,मनोज कुमार,डॉ.मुकेश कुमार,एसपी. वर्मा,महेंद्र प्रताप सिंह, एसपी.यादव,संजय शुक्ला, धीरेंद्र यादव और डॉ लक्ष्मीकांत पांडे आदि रहे और अब इन सभी के खिलाफ अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## पर्व एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत 15 मई तक महानगर क्षेत्र में धारा 163–भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू

अलीगढ़ अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 28 मार्च को जमात–उल–विदा, 31 मार्च को ईद–उल–फितर, 01 अप्रैल को वाणिज्यिक बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी, 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को डा0 भीमराव आम्बेडकर जी का जन्मदिवस, 18 अप्रैल को गुड फ्राईडे, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के साथ ही यूपी बोर्ड परीक्षा एवं विभिन्न मा0 आयोग द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्ति–व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून–व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति–व्यवस्था, कानून–व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 15 मई 2025 तक धारा–163(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास व निर्माण .कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता के कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी के बिना बताए बैठक से अनुपास्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाए जाने, वृद्धावस्था पेंशन, नई सड़कों के निर्माण एवं पर्यटन विभाग द्वारा किए जा गए कार्यों पर गिरती रैंकिंग पर असंतोष प्रकट करते हुए कार्य सुधार की चेतावनी निर्गत की।बैठक में सड़क निर्माण, जल आपूर्ति, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, मनरेगा, विद्युत, गौवंश संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी–अपनी योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विकास कार्यों को तय समय–सीमा में पूरा करें ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि समयबद्धमा का ध्यान रखते हुए मानक एवं गुणवत्ता के अनरूप निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। निर्माण कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने पूर्ण परियोजनाओं का जल्द से जल्द हैण्डओवर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मल्टीलेबिल कार पार्किंग एवं स्मार्ट सिटी के तहत जलनिकासी कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने कहा कि विगत माह जिले की रैंकिंग 71 थी, जोकि आप सभी के प्रयासों के चलते 56 पर आ पहुंची है, परन्तु अभी और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने



कहा कि सभी अधिकारी विभागीय रुचि के साथ कार्य करें। रैंकिंग खराब आने पर जिले की छवि प्रभावित होती है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शादी अनुदान के लाभार्थियों का सत्यापन जल्द से जल्द से पूर्ण करें। उन्होंने निरा. श्रित महिला पेंशन की समीक्षा में पाया कि तहसील कोल में 555, वहीं ब्लॉक स्तर पर 334 आवेदन लंबित हैं जिसमें से ब्लॉक अकराबाद में सर्वाधिक आवेदन लंबित पाए गए। उन्होंने ब्लॉक व तहसील स्तर पर लंबित सभी आवेदनों का जल्द से जल्द सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एसडीएम, बीडीओ, कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी व जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सिद्धदोष बंदी रईस की मृत्यु के प्रकरण में एसीएम प्रथम जांच अधिकारी नामित

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अनुरोध के क्रम में सिद्धदोष बंदी रईस की मृत्यु के प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम संजय मिश्रा को जांच अधिकारी नामित किया गया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि सिद्धदोष बन्दी रईस लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम सुदेशपुर थाना चण्डौस जोकि जिला कारागार में 22 मार्च 2024 सेनिरूद्ध थे। अभियुक्त के विरूद्ध 12 मार्च 2024 को गौबध निवारण अधिनियम थाना चण्डौस का अभिरक्षा वारंट प्राप्त हुआ था, जो लम्बित है। सिद्धदोष बन्दी रईस कारागार में प्रवेश के समय राइट क्लब फूड, 08 माह से पीओपी कास्ट ओवर लैफ्ट लोअर लिंब और 05 वर्ष से ऑपरेटेड वाण्ड ओवर राइट रोग से ग्रसित थे और कारागार चिकित्सालय व 06 दिसंबर 2024 से डीडीयू चिकित्सालय व जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहकर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार प्राप्त कर रहे थे, जहां उपचार के दौरान 11 मार्च 2025 की प्रातः काल अचानक सांस लेने में असुविधा और सांस फूलने की शिकायत पर कारागार वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के सलाह पर विशेषज्ञ उपचार के लिए पं0 दीन दयाल संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया, उन्हे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था, जहां उपचार के दौरान प्रातः काल 06:45 बजे बन्दी की मृत्यु हो गयी।